सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–1

राजभवन देहरादून 07 मई, 2024

मंगलवार को राजभवन ऑडिटोरियम में अनुपम शर्मा द्वारा ऑस्ट्रेलिया में भारतीय फिल्मों के सफर पर आधारित डॉक्यूमेंट्री "ब्रेन्ड बॉलीवुड डाउन अन्डर" की स्क्रीनिंग का आयोजन किया गया। ऑस्ट्रेलिया में भारतीय फिल्मों को प्रमोट करने में अनुपम शर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इन्होंने 'अनइंडियन' ऑस्ट्रेलियाई फ़ीचर फ़िल्म बनाई, जिसमें ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर ब्रेट ली ने अभिनय किया है। वे देहरादून के रहने वाले प्रसिद्ध सिंगर बॉबी कैश पर भी एक फिल्म बना रहे हैं। इस अवसर पर राज्यपाल ने अनुपम शर्मा को शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रसिद्ध अभिनेता एवं हम लोग सीरियल में मशहूर नन्हे का किरदार निभाने वाले अभिनव चतुर्वेदी ने किया।

इस अवसर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह(से नि) ने कहा कि राष्ट्रीय एकता, राष्ट्रीयता का भाव, संस्कृति एवं परंपराओं के संवर्धन, सामाजिक सौहार्द और सामाजिक परिवर्तन लाने में फिल्में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। भारतीय सिनेमा ने प्रेम और सामाजिक सद्भाव जैसे भारतीय मूल्यों को बढ़ावा देने में भी मदद की है।

उन्होंने कहा कि हमारी फिल्में और हमारे अभिनेता अपने देश में ही नहीं बल्कि संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, चीन और रूस सहित कई देशों में भी लोकप्रिय हैं। इन्हें विश्व स्तर पर लाखों लोग देखते हैं जिससे भारतीय संस्कृति, मूल्यों और जीवन शैली का भी प्रचार–प्रसार होता है।

राज्यपाल ने कहा कि सांस्कृतिक सीमाओं से परे विश्व स्तर पर भारतीय सिनेमा ने अपना एक अलग स्थान बनाया है। इसके अलावा विश्व स्तर पर भारत की सकारात्मक छवि विकसित करने, भारतीय पर्यटन को बढ़ावा देने में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में फिल्म पर्यटन को बढ़ावा देना और राज्य में फिल्म उद्योग के माध्यम से अधिकाधिक रोजगार के अवसर उत्पन्न कराना हमारी प्राथमिकता में है। यह गर्व की बात है कि उत्तराखंड की बहुत सारी हस्तियाँ देश–विदेश में विभिन्न क्षेत्रों में अभिनव का काम करते हुए उत्तराखंड का नाम रोशन कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि फिल्मों की शूटिंग के लिए उत्तराखंड एक अनूकूल जगह है। बड़े पर्दे पर उत्तराखंड की वादियों की सुंदरता दर्शकों को अलग अनुभव देती है। निश्चित तौर पर उत्तराखंड फिल्म शूटिंग के लिए बहुत जल्द दुनिया का पसंदीदा डेस्टिनेशन बन जाएगा।

इस अवसर पर उत्तराखण्ड फिल्म विकास परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं महानिदेशक सूचना एवं लोकसंपर्क विभाग बंशीधर तिवारी ने उत्तराखण्ड फिल्म नीति की विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि नई फिल्म पॉलिसी से जल्द ही उत्तराखण्ड शूटिंग हब बन जाएगा। श्री तिवारी ने बताया कि नई फिल्म पॉलिसी के निर्माण में विशेषज्ञों के सुझावों को शामिल किया गया है जिसके कारण फिल्म निर्माताओं को सुगमता होगी। उन्होंने बताया कि फिल्म निर्माण के क्षेत्र में उत्तराखण्ड एक डेस्टिनेशन हब के रूप में विकसित हो रहा है।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार एवं फिल्म अभिनेता सतीश शर्मा ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर उत्तराखण्ड फिल्म विकास परिषद के नोडल अधिकारी डॉ. नितिन उपाध्याय, वरिष्ठ पत्रकार उपेन्द्र शर्मा, वरिष्ठ लेखक कुलभूषण कैन एवं आलोक जोशी, अभिनेता आलोक उल्फत सहित विभिन्न स्कूल के छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

..........0...........